# सफाई दरोगा के साथ मारपीट, शिकायत दर्ज

## पुलिस से आरोपियों पर कड़ा एक्शन लेने की मांग



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 01 नवबंर. शाहजहांनाबाद में वार्ड नंबर 10 के सफाई दरोगा के साथ शनिवार को दो लोगों ने बुरी तरह से मारपीट कर दी.**

घायल को गंभीर चोटें आने पर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. पीड़ित ने दोनों बदमाशों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. कर्मचारी संगठन ने मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग पुलिस से की है. संतोष टांक नगर निगम के वार्ड 10 में बतौर सफाई के तौर पर ड्यूटी करते हैं. क्षेत्र में वह हर रोज की तरह ही कर्मचारियों के कामों का निरीक्षण करते हुए अपनी बाइक से जा रहे थे. इसी दौरान मनीष नाम के युवक और उसके एक साथी ने संतोष से क्षेत्र में साफ सफाई नहीं होने की बात को लेकर पहले बहस की. संतोष ने जब सभी जगह कर्मचारियों के काम करने और सफाई होने की बात कही, तो आरोपियों ने उन्हें गंदगी वाली जगह की ओर ले चलने की बात कही. संतोष उस स्थान पर जाने को भी तैयार हुए, तभी आरोपियों ने उन्हें गाली देते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी. घायल अवस्था में संतोष को चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराई गई. घटना की जानकारी मिलने पर कर्मचारी संठगन के प्रतिनिधि भी पहुंचे और पुलिस से ठोस कार्रवाई की मांग की. एकजुट हुए कर्मचारियों का कहना है कि इस तरह की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए पुलिस और प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए, जिससे अपराधी प्रवृति के लोगों में भय का महौल बनें.

### हत्या की कोशिश करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** युवकों की हत्या की कोशिश करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. भोपाल से भागकर आरोपियों ने इंदौर में अपना ठिकाना बनाया था, जहां से उन्हें पकडा गया. हबीबगंज पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया था. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 अक्टूबर की रात सात नंबर बस स्टॉप पर फरियादी नवल राजपूत, गौरव जैन और मोंटी नाम के लोग पर जानलेवा हमला किया गया था. हमलावर संजय सेन और लाल ने अपने कुछ साथियों के साथ यह जानलेवा हमला किया था. घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहे थे. इस बीच पुलिस को आरोपियों के इंदौर शहर में होने की लोकेशन पुलिस को मिली. पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी सचिन परशुराम (34) निवासी एमपी नगर और शुभम उर्फ डब्ल्यू (31) निवासी सदर को गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त तलवार जप्त कर ली है. आरोपियों ने घटना की बात को स्वीकार किया है. दोनों ही आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया.

## नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन

**भोपाल.** बिजली संविदा कर्मी रविवार को 'मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण कार्यक्रम' के तहत बड़ा प्रदर्शन करेंगे. कर्मियों का आरोप है कि नियमितीकरण के प्रस्ताव पर तीन महीने बाद भी सुनवाई नहीं हुई, जिससे उनमें आक्रोश है. प्रदेश के 55 जिलों के संविदा कर्मी कलेक्टर, मंत्री, सांसद और विधायकों को ज्ञापन सौंप चुके हैं. वहीं कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को नियमितीकरण के समर्थन में अनुशंसा पत्र भी लिखा है. करीब 5 हजार संविदा कर्मी मांग कर रहे हैं कि नए स्वीकृत 49,263 नियमित पदों पर भर्ती से पहले, वर्षों से विभाग में कार्यरत कर्मियों को बिना परीक्षा सीधे नियमित किया जाए. .

# जेपी की बिल्डिंग अब भी तैयार नहीं

## लेटलतीफी : सिविल सर्जन कर रहे टालमटोली

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 1 नवम्बर. राजधानी स्थित जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग बनकर तैयार है. लेकिन बिल्डिंग में चिकत्सीय सुविधा कब शुरू होगी इसका कुछ पता नहीं है. करीब 26 करोड़ से बनी यह बिल्डिंग अब भी कई मायनों में पूरी तरह से तैयार नहीं हो पाई है.**



जिसकी जानकारी सिविल सर्जन के निरीक्षण के बाद सामने आई है. एक तरफ अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को जोड़ा जाना भी तय था लेकिन यह नहीं हुआ. इसके साथ ही अस्पताल में अन्य कई खामियों की बात सामने आ रही है. बता दें कि 2022 में जेपी की इस नई बिल्डिंग का कार्य शुरू हुआ था. जो तीन साल बाद भी पूरा नहीं हो सका. सालों से मरीजों का इंतजार खतम नहीं हो रहा है. वहीं अस्पताल प्रसाशन इस बावत बात करने में टाल मटोल कर रहे हैं. पिछली जानकरी के अनुसार अक्टूबर के आखिर तक बिल्डिंग का हैंडओवर होना था और इसे इस्तेमाल में लाना था. लेकिन इस मामले में अस्पताल प्रसाशन की तरफ से फ़िलहाल कोई अपडेट नहीं दिया जा रहा कि कब से मरीजों को इस सुपरस्पेशियलटी अस्पताल का लाभ मिलेगा. अस्पताल में 240 बेड की सुविधा के साथ ग्राउंड फ्लोर में एमरजेंसी वार्ड में 30 बेड होंगे. साथ ही 50 बेड का मेल और फीमेल वार्ड व प्राइवेट रूम बनाये जा रहे हैं.

> बिल्डिंग में ओटी समेत कुछ मीटिंग हाल भी बनाए जा रहे हैं. अस्पताल में चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी के लिए प्रतिनिधि ने अधीक्षक संजय जैन से मिलकर बात भी कि, उन्होंने बताया कि अभी कोई कंक्रीट डिसीजन नहीं लिया गया है. जल्द से जल्द सुविधायें सुनिश्चित करने की हम पूरी कोशिश कर रहे हैं. जिससे कार्य आगे बढ़ सके.

# असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा की इंटरव्यू की तारीख घोषित

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 1 नवम्बर. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा 2022 के अंतिम बचे विषय केमिस्ट्री के इंटरव्यू कार्यक्रम की घोषणा कर दी है. आयोग के अनुसार इस विषय के इंटरव्यू सत्रह नवंबर से शुरू होंगे.**

केमिस्ट्री विषय के कुल एक सौ साठ पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है. इसके बाद केवल लाइब्रेरियन और स्पोर्ट्स ऑफिसर पदों के इंटरव्यू की तारीखों की घोषणा शेष रह जाएगी. इससे पहले जूलॉजी विषय के इंटरव्यू शेड्यूल जारी किए जा चुके हैं और यह प्रक्रिया छह नवंबर से शुरू होगी. जूलॉजी के लिए कुल एक सौ पंद्रह पद निर्धारित हैं. अधिकांश विषयों के इंटरव्यू पूर्ण हो चुके हैं और कई विषयों की चयन सूची भी जारी की जा चुकी है.

आयोग अब अपनी प्राथमिकता असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा 2024 पर केंद्रित करेगा. इस भर्ती के तहत चौबीस विषयों के लिए एक हजार नौ सौ अठारह पद स्वीकृत हैं. परीक्षा दो चरणों में एक जून और सत्ताईस जुलाई को संपन्न कराई गई थी. संभावना है कि इन पदों के लिए इंटरव्यू जनवरी से मार्च 2026 के मध्य आयोजित किए जाएंगे.

# 6वीं कक्षा की छात्रा के साथ बलात्कार

## आरोपी की तलाश में जुटी शाहपुरा पुलिस

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 01 नवबंर. शाहपुरा थाना क्षेत्र में यूपी की रहने वाली एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. बच्ची के साथ हुई इस दर्दनाक घटना का खुलासा करीब 15 दिन बाद हो पाया है.**

पुलिस ने मामला संज्ञान में आने पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. पुलिस में हुई शिकायत की जानकारी के बाद से आरोपी फरार चल रहा है, जिसकी तलाश जारी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग बच्ची छठवीं कक्षा की छात्रा है. बच्ची की 12 साल है, उसके साथ यह हादसा तब हुआ जब वह अपनी शादीशुदा बहन की तबीयत खराब होने पर उसकी देखरेख के लिए भोपाल आई थी. नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी नीरज उसका रिश्तेदार है. पीड़िता की बहन की ननद का बेटा आरोपी नीरज अभी फरारा चल रहा है. घटना का खुलासा तब हुआ जब बच्ची शाहपुरा क्षेत्र में संचालित एक आंगनवाड़ी केंद्र में गई. शिक्षिका यहां पर बच्चों को गुड़ टच और बैड़ टच की जानकारी दे रही थी, तभी बच्ची ने अपने साथ हुई घटना का जिक्र भी किया. आंगनवाड़ी केंद्र ने बच्ची की काउसिंग के लिए एक एनजीओ की मदद ली.

> काउंसिलग के दौरान बच्ची ने आपबीती बताई. घटना रात के समय उस दौरान हुई, जब बच्ची अपनी बहन के घर में ही सो रही थी. इसी समय बच्ची को अकेला सोते हुए पाकर आरोपी नीरज ने बच्ची के साथ दुष्कर्म करते हुए उसे डराया, धमकाया भी. सहमी हुई बच्ची ने घटना की जानकारी घर में किसी को नहीं दी. बच्ची की काउंसिंग के बाद मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई. पुलिस तक मामला पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद से आरोपी फरार हो गया.

## कम्युनिटी हेल्थ प्रोग्राम ऑफिसर के 23 संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**भोपाल.** मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने कम्युनिटी हेल्थ प्रोग्राम ऑफिसर यानी सीएचपीओ के 23 संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। वर्तमान में राज्य में इन अधिकारियों की कमी के चलते कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी पर असर पड़ रहा है। ऐसे में तत्काल जरूरतों को देखते हुए यह नियुक्तियां 31 मार्च 2026 तक संविदा आधार पर की जा रही हैं ताकि स्वास्थ्य कार्यक्रमों को गति दी जा सके। चयनित सीएचपीओ टीकाकरण कार्यक्रम जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# हेलोवीन जैसे असंस्कारी कार्यक्रमों पर रोक

**भोपाल, 01 नवबंर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर के भेल भाग ने बीएसएसएस कॉलेज प्रशासन से शनिवार को मांग की.**



परिषद ने मांगे की है कि कॉलेज परिसर में आयोजित किए जा रहे 'हेलोवीन सेलिब्रेशन' जैसे पाश्चात्य और असंस्कारी कार्यक्रमों पर तत्काल रोक लगाई जाए. अभाविप ने कहा कि कॉलेज में विद्यार्थियों द्वारा भूत-प्रेत एवं राक्षसों के वेश में सजकर नृत्य एवं अन्य गतिविधियाँ करना भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारों के पूर्णत: विपरीत है. इस प्रकार के आयोजन न केवल शैक्षणिक वातावरण को दूषित करते हैं, बल्कि युवाओं में पाश्चात्य संस्कृति की अंधी नकल को भी बढ़ावा देते हैं. 'हेलोवीन' जैसे कार्यक्रम हमारे सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के विरुद्ध हैं. परिषद ने कॉलेज प्रशासन से भविष्य में कॉलेज परिसर में 'हेलोवीन' अथवा किसी भी असंस्कारी एवं पाश्चात्य संस्कृति प्रेरित कार्यक्रम को अनुमति न दी जाने की मांगे रखी है.

# सेवानिवृत्त 28 रेलकर्मियों को दी भावभीनी विदाई

## 28 कर्मियों को 17 .58 करोड़ की राशि का भुगतान

**भोपाल, 01 नवम्बर . मंडल कार्यालय में अक्टूबर माह में रेल सेवा से निवृत्त हुए 28 रेल कर्मचारियों को एक गरिमामयी समारोह में भावभीनी विदाई दी गई. समारोह की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने की.**




इस अवसर पर उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया. समारोह के दौरान सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का भुगतान एनईएफटी माध्यम से किया गया. साथ ही, उन्हें गोल्ड मेडल, पेंशन भुगतान आदेश (आई-पास पोर्टल से), मानार्थ पास, परिचय पत्र एवं उदारीकृत चिकित्सा सुविधा कार्ड भी प्रदान किए गए. इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह, सहायक कार्मिक अधिकारी, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक, यूनियन प्रतिनिधि एवं ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवेमेन्स फेडरेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे. समारोह में कुल 28 सामान्य सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को कुल 17.58 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया. इस दौरान एसबीआई एवं पीएनबी बैंक के अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन स्कीम एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं की जानकारी भी दी.

### राष्ट्रीय एकता की शपथ पर रन फॉर यूनिटी को दिखाई हरी झंडी

**भोपाल.** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत डीआरएम कार्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय एकता की शपथ से हुई. डीआरएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई.

# गोली चलाकर लूट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

## एक महिला के साथ 2 आरोपी भी गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 01 नवबंर. अरेरा हिल्स क्षेत्र में दुकानदार पर दिन दहाड़े फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के साथ ही उसके 3 सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया गया है.**



अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 गौतम सोलंकी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि आर्म्स एक्ट मे रोशनपुरा चौराहे पर गोली चलाकर 30 हजार की लूट करने वाले आरोपी दीपेन्द्र गुर्जर और आरोपी का अपराध में सहयोग करने वाले आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है. सोलंकी ने बताया कि 24 अक्टूबर को फरियादी श्याम विजय वर्गीय (22) निवासी बीमा कुंज कोलार ने थाना अरेरा हिल्स में आरोपी के खिलाफ ऑनलाईन खाते मे रूपए डलवाने और पैसे मांगने पर दीपेन्द्र की ओर से रायफल से जान से मारने की नीयत से 3 राउंड फायर कर फरार हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी.

### चोरी के प्रकरण दर्ज

**भोपाल.** तुलसी नगर की रहवासी वंदना सोनकेसरिया ने टीटी नगर थाने में मकान में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है. इसी तरह रोहित नगर के चंद्र किशोर मालवीय ने शाहपुरा थाना, लखेरा पुरा के नदीम ने कोतवाली थाना, सीजन गार्डन के रहने वाले फैजान खान ने कोहेफिजा थाना, समरधा के रहने वाले सत्येंद्र कुमार ने मिसरोद थाना और कोलार थाने में कजलीखेड़ा निवासी अनोखी लाल और दानिश कुंज के रहने वाले बलराम अहिरवार ने अपने मकानों में हुई चोरी की वारदात का प्रकरण दर्ज कराय है. सभी थानों की पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

# एमपीईएसबी ने जूनियर इंजीनियर सहित 454 पदों पर भर्ती निकाली

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 1 नवम्बर. मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड एमपीईएसबी ने प्रदेश में तकनीकी एवं अन्य सेवाओं के लिए ग्रुप 2 सब ग्रुप 3 अंतर्गत जूनियर इंजीनियर सहित कुल 454 पदों पर भर्ती की अधिसूचना जारी की है।**

इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हो चुकी है और आवेदन की अंतिम तिथि 12 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों को समय पर आवेदन करने तथा आधिकारिक वेबसाइट से समस्त जानकारी सत्यापित करने की सलाह दी गई है। परीक्षा तिथि बोर्ड द्वारा शीघ्र घोषित की जाएगी। एडमिट कार्ड अक्टूबर 2025 में उपलब्ध होने की संभावना है.

### आयु सीमा और पात्रता

भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। अधिकतम आयु सामान्य एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए 40 वर्ष तथा ओबीसी एससी एसटी पीएच और महिला उम्मीदवारों के लिए 45 वर्ष है। आयु की गणना एक अगस्त 2025 को आधार मानकर की जाएगी.

# रैपिडो की सवारी बनी परेशानी

## यात्रियों ने जताई असंतुष्टि

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 01 नवम्बर. सुविधाजनक और सस्ती यात्रा का दावा करने वाली रैपिडो टैक्सी सेवा अब यात्रियों के लिए परेशानी बनती जा रही है.**

जहां एक ओर इस ऐप-आधारित सेवा ने लोगों को सस्ती यात्रा और यात्रा के लिए सुविधा जनक वाहनों का विकल्प चुनने का अवसर दिया, वहीं दूसरी ओर यात्रियों, खासकर महिलाओं ने असुरक्षा, बदतमीजी और धोखाधड़ी जैसी घटनाओं को लेकर चिंता जताई है.

### झेलनी पड़ रही हैं नई तरह की परेशानियां

हाल के दिनों में रैपिडो यात्रियों ने शिकायत की है कि कई ड्राइवर अब ऑफलाइन पेमेंट की मांग, अधिक किराया और राइड कैंसिल करने के लिए दबाव डालने जैसी हरकतें कर रहे हैं. कई मामलों में ड्राइवर लोकेशन पर पहुंचने के बाद दिशा बदल देते हैं या जानबूझकर ऐप पर राइड शुरू किए बिना चलते हैं. यात्रियों का कहना है कि ड्राइवरों की इन हरकतों से उन्हें न सिर्फ आर्थिक नुकसान होता है बल्कि सुरक्षा को लेकर भी डर बना रहता है. शिकायत करने पर कंपनी की ओर से कोई ठोस कार्रवाई या जवाब नहीं मिलता. यात्रियों के अनुसार अब कई राइडर नया तरीका अपनाने लगे हैं. वे राइड स्वीकार कर लेते हैं लेकिन 20-25 मिनट तक अपनी जगह से हिलते नहीं. जब यात्री कॉल करता है तो वे कहते हैं कि खुद राइड कैंसिल कर दो, जिससे रद्द करने का चार्ज यात्री से कटता है. यह नई परेशानी यात्रियों के लिए भारी साबित हो रही है, क्योंकि उन्हें एक तरफ यात्रा नहीं मिलती और दूसरी ओर पैसे का नुकसान झेलना पड़ता है. ऐसी घटनाओं ने यात्रियों में नाराजगी फैला दी है. उनका कहना है कि यदि कंपनी ने सख्त निगरानी और ड्राइवर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया नहीं बढ़ाई, तो रैपिडो से राइड बूक करना बंद कर देंगे. पहले भी कई महिला यात्रियों ने रैपिडो ड्राइवरों पर अनुचित सवाल पूछने और असहज माहौल बनाने के आरोप लगाए थे. इन घटनाओं ने यह साबित किया है कि रैपिडो जैसी सेवाएं अब केवल सुविधा का साधन नहीं रहीं, बल्कि सुरक्षा की चिंता का कारण बनती जा रही हैं.

### महिला यात्रियों के साथ बदतमीजी की शिकायतें

शनिवार को पत्रकार कॉलोनी से इंद्रा प्रेस कॉम्प्लेक्स तक राइड बुक करने वाली यात्री आस्था पांडे और दृष्टि शर्मा ने बताया कि उन्होंने 76 रुपये की ऑटो राइड बुक की थी. लेकिन रैपिडो चालक विपिन विश्वकर्मा ने रास्ते में बाहरी सवारी भी बिठा ली, उनके साथ बदतमीजी की और ज्यादा पैसे की मांग की.

**अनदेखी** ▶ प्रशासन और नागरिक दोनों की लापरवाही उजागर

# भोपाल जंक्शन पर गंदगी से यात्री हो रहे परेशान

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल,01 नवम्बर. शहर में जगह जगह पड़ी गन्दगी अब नगर निगम, प्रशासन तो ठीक लोगो के लिए भी आम हो गई है. लोग भी अब सार्वजनिक जगह पर गन्दगी में रहना और उसकी अन्देखी करने लगे है.**



ऐसे ही रेलवे स्टेशन भोपाल जंक्शन आज अव्यवस्था और गंदगी का प्रतीक बनता जा रहा है. प्लेटफॉर्म से लेकर स्टेशन के बाहरी हिस्से तक जगह-जगह फैला कचरा और बदबू यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है. स्टेशन परिसर में सफाईकर्मी और रेलवे कर्मचारी प्रतिदिन मौजूद तो रहते हैं, लेकिन प्लेटफॉर्म पर बिखरे खाने के पैकेट, पॉलीथिन और प्लास्टिक की बोतलें साफ़ नहीं की जा रही हैं. वहीं स्टेशन के बाहर का नज़ारा और भी ख़राब है मुख्य गेट के पास काली पॉलीथिन में भरा कचरा सड़कों पर सड़ता पड़ा है, नालियां गंदगी से भर चुकी हैं और बदबू से आसपास का माहौल दूषित हो गया है. लोगों में जागरूकता की कमी भी इस समस्या को और बढ़ा रही है. स्टेशन पर डस्टबिन मौजूद होने के बाद भी यात्री कचरा उसके बगल में फेंक देते हैं. साफ-सफाई को लेकर रेलवे प्रबंदन और आम लोगों की लापरवाही ने मिलकर स्टेशन की स्थिति को ख़राब कर दिया है.

### प्लेटफॉर्म पर बैठना मुश्किल हो गया है



> मैं हर हफ्ते यहां से सफर करता हूं, लेकिन पिछले कई महीनों से स्टेशन की हालत और खराब होती जा रही है. प्लेटफॉर्म पर बैठना मुश्किल हो गया है, सफाईकर्मी केवल दिखावे के लिए आते हैं,' संतोष साहू यात्री. अब जरूरी है कि नगर निगम और रेलवे प्रशासन मिलकर साफ-सफाई अभियान चलाए और यात्रियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करे, ताकि शहर की पहचान को गंदगी न ढक सके.

## अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर में लगी आग

**भोपाल.** अशोका गार्डन स्थित सम्राट कॉलोनी इलाके में शनिवार रात में एक अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर में भीषण आग लग गई, जब आग लगी तब दुकान में ही कई खाली और भरे गैस सिलेंडर रखे थे. ऐसे में समय रहते आग काबू में नहीं आती तो बड़ा हादसा हो सकता था. घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें अंदर रखा एक गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया. हादसा रात 8 बजे लगभग हुआ. तुरंत गोविंदपुरा और पुल बोगदा फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंची. इसके बाद आग पर काबू पाया गया। रहवासियों की मदद से करीब 20 मिनट के अंदर ही आग बुझा दी गई.